दिनांक – 24.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने धनबाद आईएसएम में छात्रों को किया संबोधित, कहा– ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्रिटिकल मिनिरल में देश को बनाना है आत्मनिर्भर।

2. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित 10वीं और इंटर स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में अब प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा दोनों होगी, कैबिनेट ने दी मंजूरी।

3. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में स्थापित होने वाले पहले झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज को लेकर की समीक्षा, मेडिकल यूनिवर्सिटी को जल्द से जल्द संचालित करने का दिया निर्देश।

4. पाकुड में करीब 12 करोड़ के घोटाले की जांच करेगा सीआईडी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अरूण एक्का की शिकायत पर हुआ था मामला दर्ज।

और

5. विशाखापत्तनम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांच मैचों की टी–20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में सात विकेट से दर्ज की जीत, दो–शून्य की बढ़त।

*********************

केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी आईआईटी (आइएसएम) पहुंचे, जहां उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ क्रिटिकल मिनरल और वर्चुअल माइंस सिम्युलेटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने आईआईटी (आइएसएम) में संस्थान के शिक्षकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में क्रिटिकल मिनिरल्स की मांग बढ़ी है। इसलिए इस मिनरल्स को लेकर प्रधानमंत्री ने क्रिटिकल मिनिरल में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादन वृद्धि नहीं, बल्कि पुनर्वास, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और श्रमिक कल्याण जैसे मानवीय पहलुओं को भी समान प्राथमिकता देना है। इस दौरान मंत्री ने बीसीसीएल को कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच बढ़ाने का टास्क दिया। उन्होंने कहा कि जब तक कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच में सुधार नहीं होगा, तब तक कंपनी की वित्तीय स्थिति नहीं सुधरेगी। कोयले की गुणवत्ता पर भी जोर देने को कहा।

*********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित 10वीं और इंटर स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में अब प्रारंभिक (पीटी) और मुख्य परीक्षा (मेंस) दोनों होगी। यदि आवेदकों की संख्या 50 हजार से नीचे रही, तो केवल मुख्य परीक्षा होगी। यह फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बैठक में कुल 39 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची में शैक्षणिक तथा गैर–शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने पेसा नियमावली से संबंधित नियमावली के गठन को भी मजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पेसा एक महत्वपूर्ण विषय था जिसे मंजूरी दी गई है––

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में स्थापित होने वाले झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह के साथ अहम बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज के नियमावली गठन और फैकल्टी मेंबर्स की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।

*********************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने पेसा नियमावली को लेकर कहा कि सरकार की ओर से ग्राम सभा को सशक्त किया जा रहा है । किसी व्यक्ति विशेष को सुरक्षित न कर समूह को सुरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत है । ग्राम सभा में हर समाज के लोगों को अपनी बातें रखने का अधिकार होगा ।

*********************

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की पहल पर रांची के लालपुर थाना परिसर में पुलिस–व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की विधि–व्यवस्था, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन एवं व्यापार से जुड़ी समस्याओं पर विमर्श किया गया।

*********************

जमशेदपुर में 29 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर करनडीह दिसुम जाहेर थान परिसर में विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं। ओल चिकी लिपि के संस्थापक पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा की पेंटिंग कराई गई है। जाहेर थान सदस्य सह आयोजन समिति के उपाध्यक्ष गणेश टुडू ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं।

*********************

पाकुड़ जिले में समेकित जनजातीय विकास अभिकरण के सरकारी खाते से 12 करोड़ अड़तीस लाख छियासठ हजार छह सौ रुपये का गबन किया गया है। इसकी जांच अब सीआइडी करेगी। इसे लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का की शिकायत पर पाकुड़ नगर थाना में 12 दिसंबर को केस दर्ज हुआ था।

*********************

गिरिडीह जिले में प्रशासन गांव की ओर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

*********************

राजधानी रांची सहित राज्य में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है। शीतलहर और सुबह–शाम के घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

*********************

विशाखापत्तनम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांच मैचों की टी–20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 2–0 की मजबूत बढ़त बना ली है। इससे पहले भारत ने पहला टी–20 भी 8 विकेट से अपने नाम किया था।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कैबिनेट से पेसा नियमावली पास होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– झारखंड कैबिनेट ने पेसा नियमावली मंजूर की, राजस्व ग्राम को ग्रामसभा माना जाएगा, दंड दो हजार रुपये तक ही।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है– सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में अगले साल होंगी 60 दिन की छुट्टियां।
- हिन्दुस्तान लिखता है– कफ सिरप मामले में रांची में तीन ठिकानों पर छापे, दो हथियार मिले।
- दैनिक जागरण ने लिखा है– पांच डीसी, पांच एसडीओ सहित उनतीस आइएएस की मिली प्रोन्नति।